प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

आज से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो गए हैं। नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज आयकर अधिनियम 2025 ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 स्थान ले लिया है। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसान बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन दो कारक प्रमाणिकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैग वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू होगा। इसके साथ ही पैन कार्ड के लिए आवेदन करने या उसे अपडेट करने के संशोधित नियम भी आज से प्रभावी होंगे।

****

राज्य को 15वें वित्त आयोग के तहत करीब 2,254 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई है। इससे राज्य की हर पंचायत के हिस्से में विकास कार्यों के लिए करीब 51 लाख 80 हजार रुपये आएंगे। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि इस राशि से अब गांवों के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की जेलों में खाली पदों को नहीं भरने पर सरकार और जेएसएससी पर सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने रिक्त पदों को 6 महीने के भीतर भरने का आदेश दिया है। साथ ही गृह सचिव और जेएसएससी सचिव को 1 मई तक स्टेटस रिपोर्ट खुद दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

इस वर्ष मार्च में कुल वस्तु और सेवा कर –जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 8 दशमलव 8 प्रतिशत बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में कुल जीएसटी राजस्व एक लाख 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष मार्च में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 40 हजार 549 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53 हजार 268 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इस बीच, वित्त वर्ष 2025–26 में सकल जीएसटी राजस्व बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष के 20 लाख करोड़ रुपये से 8 दशमलव 3 प्रतिशत अधिक है।

****

हजारीबाग के विष्णुगढ़ में मासूम बच्ची से दरिंदगी और हत्या के मामले पर सूबे की सियासत तेज हो गई है। मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने आरोप लगाया है कि इस पूरी घटना के पीछे एक स्थानीय बीजेपी नेता का हाथ है। जेएमएम ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

****

झामुमो द्वारा इस घटना के पीछे एक भाजपा नेता का हाथ होने के आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार में अपराधी बेखौफ हैं और भाजपा ने इस घटना के विरोध में तीन अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है।

****

रांची में पुलिस पेट्रोलिंग को मजबूत करने के लिए एसएसपी राकेश रंजन ने कंट्रोल रूम में बैठक की। उन्होंने जीपीएस के जरिए सभी पेट्रोलिंग गाड़ियों की रियल टाइम निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर पेट्रोलिंग क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई से अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

****

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर प्रमंडलीय कार्यशाला हुई। इसका मुख्य उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देना और अस्पतालों के क्लेम का सही समय पर भुगतान करना था। कार्यशाला में पारदर्शिता और सेवा में सुधार के कड़े निर्देश दिए गए।

*********समाप्त*********